Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Air Services from Jagdalpur to more cities and 30% reservation of seats for civilians in the Indigo Force Plane from Delhi to Jagdalpur

श्री दीपक बैज (बस्तर) : माननीय चेयरमैन साहब, मेरे लोक सभा क्षेत्र 'जगदलपुर' के माँ दन्तेश्वरी एयरपोर्ट से विमान सेवा 21 सितम्बर, 2020 से शुरू हुई और वर्तमान में एयर एलायंस-72 सीटर विमान का हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर तक लगातार संचालन हो रहा है, लेकिन वर्तमान में यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होने की वजह से विमान सेवा को अन्य शहरों से जोड़ने की आवश्यकता है। जगदलपुर से दिल्ली, जगदलपुर से विशाखापत्तनम, जगदलपुर से बैंगलोर, कोलकाता, भुवनेश्वर तथा नागपुर को जोड़ा जाए। इसके साथ ही फोर्स के लिए इंडिगो का छोटा विमान दिल्ली से जगदलपुर सप्ताह में तीन दिन चल रहा है और वह बाकी दिनों खाली ही रहता है। अगर वह सामान्य नागरिकों के लिए 30 परसेंट आरक्षित हो जाए तो निश्चित रूप से मैं आपका और मंत्रालय का आभारी रहूंगा।